प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण

झारखण्ड सरकार

प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत प्रखंड स्तर पर नियुक्ति संबंधी सूचना :–

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार की अधिसूचना संख्या–1016 (अनु०)ग्रा०वि०–10–PMAY-G–54/2016 राँची, दिनांक–01.03.2017, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार का पत्रांक–10–PMAY-G–54/2016/ग्रा०वि०–4615, राँची, दिनाक–01.09.2017 एवं पत्रांक–10–PMAY-G– 54/2016/ग्रा०वि०–2397, राँची, दिनांक–12.06.2018 के आलोक में **लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर** पद की नियुक्ति हेतु कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या–5776, दिनांक–10.10.2012 तथा संकल्प संख्या–2020, दिनांक–09.04.2010 द्वारा निर्गत कोटिवार एवं जिलावार आरक्षण रोस्टर के अनुसार आरक्षण देय होगा। स्थानीयता के संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग की अधिसूचना संख्या–3198, दिनांक–18. 04.2016 एवं आदेश सं०–14/स्थानीयता नीति–14-01/2015/5939 राँची, दिनांक–14.07.2016 प्रभावी होगी।

पश्चिमी सिंहभूम जिला के प्रखण्ड स्तर पर स्वीकृत पद एवं आरक्षण कोटिवार रिक्त पदों की संख्या निम्न प्रकार है :–

क्र०सं०	पद का नाम	कुल रिक्त पदों संख्या	आरक्षण की स्थिति			मासिक मानदेय
			अनारक्षित	अ०जा०	अ०ज०जा०	
01	लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर	05	01	01	03	10,000/-

नोट :– आरक्षण का लाभ नियमानुसार देय होगा।

- **शैक्षाणिक योग्यता/कार्य अनुभव** :– मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थानों से वाणिज्य (Commerce) विषय में इंटरमिडिएट उर्त्तीण एवं Diploma in Computer Application (DCA) के साथ छः माह का कार्यानुभव तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण दक्षता अनिवार्य।
- **आयु सीमा** :– 18 से 30 वर्ष (उम्र की गणना दिनांक–01.01.2018 के आधार पर की जायेगी।
- **आवेदन शुल्क** :–

150/- (एक सौ पचास रुपये)	सामान्य/अ० पिछड़ा/पिछड़ा वर्ग श्रेणी के लिए अभ्यर्थियों के लिए।
100/- (एक सौ रुपये)	अ०जा० एवं अ०ज०जा० श्रेणी के लिए अभ्यर्थियों के लिए।

- **आवेदन की प्रक्रिया/आवेदन प्राप्त करने की अतिम तिथि** :– आवेदकों को ऑनलाईन विभागीय पोर्टल http://applyrdd.jharkhand.gov.in पर जाकर आवेदन करना है, जहाँ नियुक्ति संबंधित संपूर्ण सूचना उपलब्ध है। आवेदन दिनांक–04.07.2018 से प्रारम्भ होकर दिनांक–25.07.2018 तक भरा जायेगा।

ह०/-

उप विकास आयुक्त,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

ज्ञापांक 1501 **/जि०ग्रा, दिनांक** 02/07/2018

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि 03 (तीन) स्थानीय संस्करण समाचार पत्रों में अविलम्ब प्रकाशित करवाना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा को निदेश दिया जाता है कि उक्त विज्ञापन को जिला के वेबसाईट www.chaibasa.nic.in पर शीघ्रताशीघ्र अपलॉड करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– सरकार के संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि विभागीय पोर्टल को अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने हेतु Link उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

उप विकास आयुक्त,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।